उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 437.............. दिनांक /Date.: 07.06.2022

।। अधिसूचना ।।

विषयः— दिनांक 12.06.2022 को द्वितीय पाली में आयोजित पदनाम—कर्मशाला अनुदेशक आदि पदों की लिखित परीक्षा में प्रश्न पत्र चयन के संबंध में

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा उपरोक्त परीक्षा के परीक्षा पत्र निर्गत कर दिये गये हैं। प्रवेश पत्र निर्गत करने के उपरांत कुछ अभ्यर्थियों द्वारा यह ईमेल व अनुरोध पत्र भेजे गये हैं कि उन्हें मैकेनिकल शाखा का प्रवेश पत्र मिला है जबकि उन्हें इलैक्ट्रिकल/इलैक्ट्रॉनिक शाखा की परीक्षा देनी है। यह कठिनाई कदाचित उनके द्वारा आवेदन पत्र में सही पद चिन्हित न करने से हुयी है।

इन सभी अभ्यर्थियों को सूचित करना है कि आयोग द्वारा प्रश्न पत्र में 100 अंकों के 2 प्रश्न पत्र एक साथ 2 भागों के रूप में उपलब्ध होंगे। अभ्यर्थी विज्ञापन के अनुरूप व अपनी शैक्षिक अर्हता के अनुरूप किसी भी एक शाखा का विकल्प चुन सकते है।

अनिवार्य प्रतिबंध यह है कि **ओ0एम0आर0 शीट में "पदनाम" वाले खाने में उन्हें अपनी चयनित शाखा का नाम "शाखा—1 इलैक्ट्रिकल" या "शाखा—2 मैकेनिकल"** लिखना अनिवार्य होगा। यदि ऐसा उल्लेख अभ्यर्थी द्वारा नहीं किया जाता है तो उसका मूल्यांकन नहीं हो सकेगा व परिणाम जारी नहीं किया जायेगा।

अतः अभ्यर्थी उपरोक्तानुसार शाखा/प्रश्न पत्र का चयन कर पदनाम वाले खाने में इसका उल्लेख करें। यह स्पष्ट करना है कि लिखित परीक्षा के बाद पदों की निर्धारित शैक्षिक अर्हता के अनुरूप ही चयन का अवसर मिलेगा।

7/6/22

(संतोष बडोनी)
सचिव।